**NATIONAL SERVICE SCHEME**

**MAHILA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, BAHRAICH**

**2025-26**



**Professor (Dr.) Priya Mukherjee**

Principal/Patron



**Dr. Amrita Mishra**

Program Officer

# महिला महाविद्यालय, बहराइच (उ0प्र0)

## सम्बद्ध-डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## (वार्षिक प्रगति आख्या)

## सत्र -2025-2026

## <u>जुलाई माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–</u>

दिनांक–19–07–2025 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सुम्बुल साकिर, सायबा साकिर, शाहिना खान, आरती चौरसिया, सलोनी आदि छात्राओं ने जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज, जब हम जलवायु परिवर्तन और जल संकट के दौर से गुजर रहे हैं, जल संरक्षण एक राष्ट्रीय आवश्यकता बन गया है। जल, जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित एक ऐसा मंत्र है जो हमें जल के महत्व को समझने और इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। आइए, हम सब मिलकर जल संरक्षण के लिए संकल्प लें और एक सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य का निर्माण करें। कार्यक्रम में डॉ0 संजय पाल सिंह, डॉ0 रीता शुक्ला एवं डॉ0 आकांक्षा पटेल सहित अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण राष्ट्रीय जरूरत : डा. अमृता

**महिला पीजी कॉलेज में जल संरक्षण को लेकर एनएसएस की संगोष्ठी**

**बहराइच (एसएनबी)।** महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में 16 से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सुम्बुल साकिर, सायबा साकिर, शाहिना खान, आरती चौरसिया व सलोनी आदि छात्राओं ने जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डा. अमृता मिश्रा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जब हम जलवायु परिवर्तन और जल संकट के दौर से गुजर रहे हैं, जल संरक्षण एक राष्ट्रीय आवश्यकता बन गया है। जल, जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित एक ऐसा मंत्र है जो हमें जल के महत्व को समझने और इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में डा. संजय पाल सिंह, डा. रीता शुक्ला एवं डा. आकांक्षा पटेल सहित अन्य प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण एक राष्ट्रीय आवश्यकता : डॉ. अमृता



**बहराइच।** महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सुम्बुल साकिर, सायबा साकिर, शाहिना खान, आरती चौरसिया, सलोनी आदि छात्राओं ने जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज, जब हम जलवायु परिवर्तन और जल संकट के दौर से गुजर रहे हैं, जल संरक्षण एक राष्ट्रीय आवश्यकता बन गया है। जल, जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित एक ऐसा मंत्र है जो हमें जल के महत्व को समझने और इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। आइए, हम सब मिलकर जल संरक्षण के लिए संकल्प लें और एक सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य का निर्माण करें। कार्यक्रम में डॉ संजय पाल सिंह, डॉ रीता शुक्ला एवं डॉ आकांक्षा पटेल सहित अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
रविवार, 20 जुलाई, 2025

# जल संरक्षण एक राष्ट्रीय आवश्यकता- डॉ. अमृता

बहराइच । महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सुम्बुल शाकिर,सामया शाकिर,शाहिना खान,आरती चौरसिया,सलोनी आदि छात्राओं ने "जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित"विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज, जब हम जलवायु परिवर्तन और जल संकट के दौर से गुजर रहे हैं, जल संरक्षण एक राष्ट्रीय आवश्यकता बन गया है। जल, जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। "जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित" एक ऐसा मंत्र है जो हमें जल के महत्व को समझाने और इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। आइए, हम सब मिलकर जल संरक्षण के लिए संकल्प लें और एक सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य का निर्माण करें। कार्यक्रम में डॉ संजय पाल सिंह,डॉ रीता शुक्ला एवं डॉ आकांक्षा पटेल सहित अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

# जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित की थीम पर मनाया जाएगा भूजल सप्ताह

[illegible]

### शिक्षण संस्थानों को रूपरेखा तैयार करने के निर्देश

[illegible]

## भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने रखे विचार

[illegible]

# जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित- डॉ. अमृता

**कहा- जल संरक्षण एक राष्ट्रीय आवश्यकता, महिला पीजी कॉलेज मे एनएसएस की ओर से जल संरक्षण संगोष्ठी आयोजित**



बहराइच जनसंदेश टाइम्स। महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन मे 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सुम्बुल शाकिर, सामया शाकिर,शाहिना खान,आरती चौरसिया,सलोनी आदि छात्राओं ने "जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित"विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब हम जलवायु परिवर्तन और जल संकट के दौर से गुजर रहे हैं, जल संरक्षण एक राष्ट्रीय आवश्यकता बन गया है। जल, जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। "जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित" एक ऐसा मंत्र है जो हमें जल के महत्व को समझाने और इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आइए हम सब मिलकर जल संरक्षण के लिए संकल्प लें और एक सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य का निर्माण करें। कार्यक्रम में डॉ संजय पाल सिंह,डॉ रीता शुक्ला एवं डॉ आकांक्षा पटेल सहित अन्य प्रवक्तागण भी मौजूद रहे।

दिनांक– 21–07–2025 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने बताया कि पानी की प्रत्येक बूंद का सदुपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने,जल प्रदूषण को कम करने और जल स्रोतों

को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने हेतु इस प्रतियोगिता को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 संजय पाल सिंह, डॉ0 सायरा खातून, डॉ0 मनीषा खन्ना, डॉ0 यासमीन फातिमा, डॉ0 कमर जहाँ, डॉ0 रीता शुक्ला एवं कु0 मधुबाला सहित अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

**भूजल सप्ताह के तहत महिला पीजी कॉलेज की एनएसएस विंग ने कराई निबंध प्रतियोगिता**



बहराइच। महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्य प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने बताया कि पानी की प्रत्येक बूंद का सदुपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने,जल प्रदूषण को कम करने और जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने हेतु इस प्रतियोगिता को आयोजित किया गया।कार्यक्रम में डॉ संजय पाल सिंह,डॉ सायरा खातून,डॉ मनीषा खन्ना,डॉ यासमीन फातिमा,डॉ कमर जहाँ,डॉ रीता शुक्ला एवं डॉ मधुबाला सहित अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

**निबंध प्रतियोगिता में शाहिना अव्वल**

बहराइच। भूजल सप्ताह कार्यक्रम के तहत सोमवार को महिला महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा शाहिना खान ने पहला स्थान हासिल किया। प्राचार्य प्रिया मुखर्जी ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया।

महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई की ओर से 16 जुलाई से भूजल सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान विविध आयोजन किए जा रहे हैं। सोमवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा की देखरेख में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

जल संरक्षण विषयक प्रतियोगिता में बेहतर तथ्य रखने पर शाहिना खान को प्रथम, सायबा शाकिर को द्वितीय और सीमा मौर्या को तृतीय स्थान मिला। छात्राओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सभी को अपने आसपास जल संरक्षण के स्रोत विकसित करने चाहिए। (संवाद)

दिनांक- 22-07-2025 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।पर्यावरण समिति प्रभारी डॉ0 संजय पाल सिंह ने बताया कि जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित थीम पर छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उकेरा।राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने बताया कि दिनांक 16 से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत सभी को जल संरक्षण के लिए जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके तहत जल संरक्षण के लिए शपथ, जागरूकता रैली, गोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया जिससे छात्राएं स्वयं जागरूक होकर समाज को भी जागरूक कर सकें। पोस्टर प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की

रोली चौरसिया प्रथम, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की ताबा इल्लीन द्वितीय एवं बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सलोनी पटेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में डॉ0 सायरा खातून, एवं डॉ0 प्रीती यादव सहित अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।



## पोस्टर प्रतियोगिता में रोली अव्वल

### महिला पीजी कॉलेज में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

बहराइच। जल नहीं तो कल नहीं की थीम पर शहर के महिला पीजी कॉलेज में भूजल दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को इसी थीम पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में रोली अव्वल रहीं, जबकि लाबा इल्लीम को दूसरा तथा सलोनी को तीसरा स्थान मिला।

कार्यक्रमों का निर्देशन प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम तथा पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

पर्यावरण समिति प्रभारी डॉ. संजय पाल सिंह ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं को उकेरा।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने बताया कि सभी को जल संरक्षण के लिए जागरूक करने के लिए शपथ, जागरूकता रैली, गोष्ठी के अतिरिक्त भाषण, निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बीए तृतीय सेमेस्टर की रोली चौरसिया प्रथम, बीए प्रथम सेमेस्टर की लाबा इल्लीम द्वितीय एवं बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सलोनी पटेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में डॉ. सायरा खातून, डॉ. प्रीती यादव सहित अन्य शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।



## पोस्टर प्रतियोगिता में रोली ने बाजी मारी

बहराइच। महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।पर्यावरण समिति प्रभारी डॉ संजय पाल सिंह ने बताया कि जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित थीम पर छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उकेरा। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने बताया कि 16 से 22 जुलाई तक चलने वाले भूजल सप्ताह के अंतर्गत सभी को जल संरक्षण के लिए जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

दिनाँक–31–07–2025 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर डॉ0 प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एक के तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत 05 पौधे बरगद,पीपल,अर्जुन, अशोक एवं चाँदनी का रोपण किया गया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा, डॉ0 सायरा खातून एवं डॉ0 प्रीति यादव तथा छात्राएं ताबा इल्लीन, सीमा मौर्या, शाहिना, सायबा साकिर, सुम्बुल साकिर समेत अन्य छात्राएं उपस्थित रहीं।

# कॉलेज में वनस्पतियों के महत्व के बारे में बताया

**महिला पीजी कॉलेज में किया गया पौधारोपण**



महिला पीजी कॉलेज परिसर में पौधारोपण करतीं छात्राएं।

## पौधरोपण कर संरक्षण की ली जिम्मेदारी

**<u>अगस्त माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण-</u>**

दिनांक–08–08–2025 को शासन के निर्देशानुसार 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की छात्राओं ने देशभक्ति की अलख जगाने के उद्देश्य से विशेष गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर के बोर्ड को सुंदर सजावट से सुसज्जित किया। सजावट में तिरंगे के रंगों की थीम को अपनाते हुए छात्राओं ने न केवल संदेश बोर्ड को आकर्षक रूप दिया, बल्कि रचनात्मकता का परिचय देते हुए तिरंगे के रंगों में रंगी हुई विशेष राखियाँ भी तैयार कीं। इन राखियों के माध्यम से भाईचारे, एकता और देशप्रेम का सशक्त संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ न केवल विद्यार्थियों में सृजनशीलता को बढ़ाती हैं, बल्कि राष्ट्र के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना भी गहराती हैं। छात्राओं के इस प्रयास को उपस्थित सभी अध्यापकों ने सराहा।







दिनांक–12–08–2025 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महिला महाविद्यालय बहराइच में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आज एक भव्य तिरंगा मेला, रैली एवं रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी ने की तथा सम्पूर्ण आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के कुशल दिशा–निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर छात्राओं ने डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव के नेतृत्व में तिरंगे के रंगों से मनमोहक रंगोलियाँ बनाकर अपनी कला और देशप्रेम की अनोखी मिसाल पेश की। परिसर में विशेष रूप से तैयार किए गए सेल्फी बोर्ड ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जहाँ विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तिरंगे के साथ यादगार तस्वीरें खिंचवाईं।

कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति के जोश से भरपूर रैली भी निकाली गई, जिसमें छात्राओं ने हाथों में तिरंगा थामे राष्ट्रप्रेम के नारे लगाए और नागरिकों को एकता, भाईचारे एवं स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। सभी ने इस आयोजन को देशभक्ति, कला और सामूहिक उत्साह का अद्भुत संगम बताया।









## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा मेला, रंगोली प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन

**उत्तर प्रदेश शासन** के निदेर्शानुसार महिला महाविद्यालय बहराइच में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आज एक भव्य तिरंगा मेला और रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ)प्रिया मुखर्जी ने की तथा सम्पूर्ण आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के कुशल दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर छात्राओं ने डॉ प्रियंका श्रीवास्तव के नेतृत्व में तिरंगे के रंगों से मनमोहक रंगोलियाँ बनाकर अपनी कला और देशप्रेम की अनोखी मिसाल पेश की। परिसर में विशेष रूप से तैयार किए गए सेल्फी बोर्ड ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जहाँ विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तिरंगे के साथ यादगार तस्वीरें खिंचवाई।कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति के जोश से भरपूर रैली भी निकाली गई, जिसमें छात्राओं ने हाथों में तिरंगा थामे राष्ट्रप्रेम के नारे लगाए और नागरिकों को एकता, भाईचारे एवं स्वच्छता का संदेश दिया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। सभी ने इस आयोजन को देशभक्ति, कला और सामूहिक उत्साह का अद्भुत संगम बताया।

दिनांक– 15–08–2025 को महिला महाविद्यालय बहराइच में बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव एवं प्रबंध समिति के सदस्यगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव श्री श्यामकरण टेकड़ीवाल एवं प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके पश्चात राष्ट्रगान की सामूहिक प्रस्तुति से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, कविताएं एवं भाषण प्रस्तुत किए गए, जिनमें स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि दी गई।लघु नाटिका के माध्यम से छात्राओं ने भारत की विविधता और एकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय

योगदान देने का आह्वान किया। अंत में, प्रबंध समिति एवं सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम की सराहना की और देश की उन्नति के लिए सामूहिक संकल्प लिया।






## सितम्बर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–

दिनाँक– 03–09–2025 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना बहराइच के सहयोग से साइबर अपराध एवं सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में हेड कांस्टेबल राजू सिंह, करुणेश शुक्ला और रीना शुक्ला ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छात्राओं को चाहिए कि वे अपनी अकाउंट संबंधी जानकारी, पिन, पासवर्ड एवं ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। इसके साथ ही संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें, अनजान व्यक्तियों को निजी जानकारी न दें तथा सोशल मीडिया का इस्तेमाल समझदारी और सतर्कता के साथ करें। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे सशक्त उपाय है। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहकर अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग बनाना था।



### साइबर अपराध एवं सुरक्षा पर हुई कार्यशाला

बहराइच। महिला पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को साइबर अपराध एवं सुरक्षा विषयक कार्यशाला हुई। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने की। कार्यशाला में हेड कांस्टेबल राजू सिंह, करुणेश शुक्ला और रीना शुक्ला ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का उपाय है। कार्यक्रम में छात्राओं के सवालों का विशेषज्ञों ने उत्तर दिया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। (संवाद)



### साइबर क्राइम पर महिला महाविद्यालय बहराइच में जागरूकता कार्यशाला

बहराइच। महिला महाविद्यालय, बहराइच में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना बहराइच के सहयोग से साइबर अपराध एवं सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में हेड कांस्टेबल राजू सिंह, करुणेश शुक्ला और रीना शुक्ला ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छात्राओं को चाहिए कि वे अपनी अकाउंट संबंधी जानकारी, पिन, पासवर्ड एवं ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। इसके साथ ही संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें, अनजान व्यक्तियों को निजी जानकारी न दें तथा सोशल मीडिया का इस्तेमाल समझदारी और सतर्कता के साथ करें। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे सशक्त उपाय है। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहकर अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग बनाना था।

महिला महाविद्यालय बहराइच में दिनांक- 08-09-2025 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) इकाई-एक की ओर से डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने साक्षरता के महत्व पर जनजागरूकता रैली निकाली, जिसमें शिक्षा को समाज में समान अवसर प्रदान करने का सशक्त माध्यम बताया गया। रैली के माध्यम से "शिक्षा सबका अधिकार है" जैसे नारों से पूरे परिसर और आसपास का वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने साक्षरता को व्यक्तिगत और सामाजिक विकास की नींव बताते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही प्रगतिशील समाज की पहचान है। छात्राओं ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से यह संदेश दिया कि वे भविष्य में साक्षरता अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएँगी। प्राचार्या प्रो0 डॉ0 प्रिया मुखर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना भर नहीं, बल्कि सोचने, समझने और जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक सतत प्रक्रिया है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एन0एस0एस0 स्वयंसेविकाओं ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।



## सामाजिक विकास की नींव है साक्षरता

साक्षरता दिवस

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : महिला पीजी कॉलेज में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-एक की ओर से डॉ. अमृता मिश्रा के निर्देशन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं ने साक्षरता के महत्व पर जनजागरूकता रैली निकाली, जिसमें शिक्षा को समाज में समान अवसर प्रदान करने का सशक्त माध्यम बताया गया। रैली के माध्यम से शिक्षा सबका अधिकार है जैसे नारों से पूरे परिसर और आसपास का वातावरण गूंज उठा।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने साक्षरता को व्यक्तिगत और सामाजिक विकास की नींव बताते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही प्रगतिशील समाज की पहचान है। छात्राओं ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से यह संदेश दिया कि वे भविष्य में साक्षरता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर रैली निकालती छात्राएं। • अमृत विचार

शासन के निर्देशानुसार दिनाँक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक-19-09-2025 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में स्वच्छता शपथ एवं सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के नेतृत्व में छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने स्वच्छता शपथ ली। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल महाविद्यालय परिसर बल्कि अपने घर और आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान देंगे। शपथ ग्रहण के उपरांत छात्राओं द्वारा कक्षाओं की साफ-सफाई की गई। झाड़ू लगाकर एवं कूड़ा हटाकर छात्राओं ने परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने कहा कि "स्वच्छता केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा।" महाविद्यालय परिवार के प्रवक्तागण एवं छात्राएँ इस अभियान में उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुईं और कार्यक्रम को सफल बनाया।







दिनांक–20–09–2025 को “स्वच्छता ही सेवा” अभियान के अंतर्गत आज महिला महाविद्यालय, बहराइच में परिसर स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने बड़े उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में तथा प्राचार्या महोदया के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों कक्षाओं, पुस्तकालय, बगीचे और खुले स्थानों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान सभी छात्राएँ ‘स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत’ के संकल्प के साथ कार्य करती रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। महाविद्यालय परिवार ने इस अवसर पर संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि जीवन की सतत प्रक्रिया है, जिसे प्रत्येक नागरिक को अपनाना चाहिए।







दिनांक- 22 सितम्बर 2025 को जिला आयुष विभाग, बहराइच के तत्वावधान में “स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा” के अंतर्गत एक स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें नगर आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बहराइच से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रंजन वर्मा तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ0 प्रभात मिश्रा ने विशेष अतिथि वक्ता के रूप में भाग लिया। अपने व्याख्यान में विशेषज्ञों ने किशोरियों एवं युवाओं के स्वास्थ्य, संतुलित आहार, रोग प्रतिरोधक क्षमता, स्वच्छता, योग तथा आयुर्वेदिक जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन, मानसिक स्वास्थ्य और नियमित दिनचर्या अपनाने हेतु प्रेरित किया।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं बालिका हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने आयुष विभाग से पधारे अतिथि चिकित्सकों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा कि “स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा” के दौरान ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने में अत्यंत उपयोगी हैं।






# बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपनाएं आयुर्वेद व योग

**महिला पीजी कॉलेज में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत जागरूकता व्याख्यान**

**आयुर्वेद चिकित्सक ने बताए स्वस्थ रहने के तरीके**

दिनाँक- 23-09-2025 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में स्वच्छता संदेश का प्रसार करना था। इस अवसर पर डॉ0 सायरा खातून और डॉ0 प्रीति यादव सहित अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे। छात्राओं ने विविध विषयों पर अपने रचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए, जिनमें स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण संदेश प्रभावी ढंग से उकेरे गए। कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी ने कहा कि “स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामूहिक कर्तव्य है। ऐसी प्रतियोगिताएँ छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं।” अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल रचनात्मकता को बढ़ाती हैं बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम भी बनती हैं।







दिनांक-24-09-2025 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। छात्राओं को यह बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना किस प्रकार युवा वर्ग में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की भावना विकसित करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत माइ भारत पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। साथ ही, छात्राओं को VBYLD क्विज की लिंक उपलब्ध कराई गई, जिससे वे प्रतियोगी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमदान भी किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।







महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- एक द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले "स्वच्छता ही सेवा अभियान" के अंतर्गत दिनाँक-25-09-2025 को स्वच्छता अभियान का आयोजन ग्राम सिसई हैदर में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गाँव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना था। अभियान का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 प्रिया मुखर्जी के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में किया गया। अभियान के दौरान स्वयंसेविकाओं ने ग्रामवासियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया, साफ-सफाई की गतिविधियाँ कीं तथा स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया।

स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को खुले में शौच से मुक्ति, प्लास्टिक का प्रयोग कम करने, कूड़ा प्रबंधन तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। साथ ही, गाँव की गलियों, प्राथमिक विद्यालय परिसर एवं सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और महाविद्यालय की इस पहल की सराहना की।

स्वच्छता ही सेवा अभियान (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत आज दिनाँक 26-09-2025 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 30 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ0 सायरा खातून एवं श्रीमती गरिमा राय विशेष रूप से उपस्थित रहीं और प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य

छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करना था। निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने अपने विचारों को सारगर्भित एवं रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय परिवार ने इस आयोजन को स्वच्छता अभियान की दिशा में एक सार्थक कदम बताया और आशा व्यक्त की कि छात्राएँ भविष्य में समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।



# छात्राओं ने स्वच्छता को बताया सामाजिक आंदोलन

महिला पीजी कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**<u>अक्टूबर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–</u>**

महिला महाविद्यालय, बहराइच में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाए गए स्वच्छता पखवाड़ा का समापन गाँधी एवं शास्त्री जी जयंती जी की अवसर पर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का प्रण लिया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया तथा गाँधी जी के प्रिय भजनों का सामूहिक गायन हुआ। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छता को केवल एक अभियान न मानकर जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव श्री श्यामकरण टेकड़ीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि गाँधी जी के स्वच्छता संबंधी विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के संदेश को घर–घर पहुँचाने और समाज को जागरूक बनाने की अपील की।




दिनाँक 31–10–2025 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात् व्याख्यान सत्र आयोजित हुआ, जिसमें श्रीमती ज्योति त्रिपाठी एवं डॉ0 रीमा शुक्ला ने सरदार पटेल के जीवन, कार्य एवं राष्ट्रीय एकता में उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे तथा सरदार पटेल की अदम्य देशभक्ति एवं एकता का संदेश को स्मरण किया गया।


बहराइच, उत्तर प्रदेश, भारत
Lat 27.5644° Long 81.594667°
शुक्रवार, 31/10/2025 12:23 PM GMT +05:30
Google

## नवम्बर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–

दिनांक–11–11–2025 को प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में महिला महाविद्यालय, बहराइच के शिक्षाशास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षिका गण एवं छात्राएं उपस्थित रहे विभाग प्रभारी डॉ0 दया कुमारी ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि भारत में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर वर्ष 11 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिन भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे एवं भारतीय शिक्षा प्रणाली को उन्नत बनाने में उनका विशेष योगदान था तथा श्रीमती गरिमा राय ने कहा कि श्री अबुल कलाम जी ने सर्वजन प्राथमिक शिक्षा, वयस्क साक्षरता, तथा 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा पर विशेष बल दिया। डॉ निधि मल्ल एवं कु0 रूही द्वारा श्री अबुल कलाम आजाद के द्वारा भारतीय शिक्षा जगत के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान का वर्णन किया गया एवं छात्राओं को शिक्षा के महत्व को समझाया गया।



मौलाना आजाद ने रखी थी भारतीय शिक्षा प्रणाली की नींव

महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई जयंती



Maulana Abul Kalam Azad's birth anniversary celebrated as National Education Day

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती

**बहराइच (एसएनबी)।** आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर महिला पीजी कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन कलेज की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम मे प्रोफेसर मुखर्जी ने कहा कि मौलाना आजाद ने आजादी के बाद भारतीय शिक्षा प्रणाली की नींव रखी और भारत को फिर से विश्व गुरू का दर्जा दिलाने के प्रयास किए। उन्होंने बताया कि आजादी के शिक्षा नीति का मसौदा मौलाना आजाद की देखरेख में तैयार किया गया। उन्होंने तत्कालीन शिक्षाविदों की टीम तैयार कर शिक्षा को सर्व सुलभ बनाने का प्रयास किया। कॉलेज मे शिक्षाशास्त्र विभाग प्रभारी डा. दया कुमारी ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को उन्नत बनाने में मौलाना आजाद का विशेष योगदान रहा। असिस्टेंट प्रोफेसर गरिमा राय ने कहा कि मौलाना आजाद ने सर्वजन प्राथमिक शिक्षा, वयस्क साक्षरता तथा 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा पर विशेष बल दिया। डा. निधि मल्ल एवं कु. रूही ने मौलाना आजाद द्वारा भारतीय शिक्षा जगत के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान का वर्णन किया। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा का महत्व समझाया।

दिनांक 19–11–2025 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी की अध्यक्षता में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, बालिका हेल्थ क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन' विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 प्रियंका शुक्ला (मनोविज्ञान विभाग, गवर्नमेंट डिग्री कालेज, हंसौर, बाराबंकी) ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि "यदि हमारा मन स्वस्थ है, तभी शरीर अपनी प्राकृतिक अवस्था में स्वस्थ रह सकता है। "उन्होंने कहा कि अत्यधिक तनाव न केवल हमारी उत्पादकता और निर्णय क्षमता को प्रभावित करता है, बल्कि यह रिश्तों की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए आवश्यक है कि हम समय रहते तनाव के लक्षणों को पहचानें और उनका उचित प्रबंधन करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तनाव हमेशा हानिकारक नहीं होता संतुलित तनाव व्यक्ति को प्रेरित भी कर सकता है।

छात्राओं को सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि परिवार और मित्रों का मजबूत सपोर्ट सिस्टम बनाएं,अपने लक्ष्य अपनी क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए निर्धारित करें,तथा नियमित रूप से व्यायाम और सकारात्मक दिनचर्या अपनाएँ। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मनीषा खन्ना ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन बालिका हेल्थ क्लब प्रभारी डॉ0 अंकिता सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी सम्मानित प्रवक्तागणों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## मन स्वस्थ होगा तभी शरीर भी रहेगा सेहतमंद

**बहराइच।** महिला पीजी कॉलेज में बुधवार को हेल्दी माइंड हेल्दी लाइफ विषय पर प्रेरक व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय हंसौर की व्याख्याता प्रियंका शुक्ला ने छात्राओं को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी ने की। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी), बालिका हेल्थ क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य वक्ता ने कहा कि यदि हमारा मन स्वस्थ है, तभी शरीर अपनी प्राकृतिक अवस्था में स्वस्थ रह सकता है। अत्यधिक तनाव न लें। इसलिए जरूरी है कि हम समय रहते तनाव के संकेतों को पहचानकर उनका समुचित प्रबंधन करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा खन्ना ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंकिता सिंह ने प्रस्तुत किया। (संवाद)

दिनांक– 21–11–2025 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा बालिका हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के ख्यातिप्राप्त चिकित्सक डॉ0 राधेश्याम वर्मा रहे। उन्होंने छात्राओं को दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए balanced diet, नियमित व्यायाम, स्वच्छता, और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के सरल उपाय बताए। उन्होंने कहा कि ”स्वस्थ शरीर और सकारात्मक मन, दोनों ही एक सफल जीवन की आधारशिला हैं। “युवा वर्ग को जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए समय रहते जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है पढ़ाई के साथ-साथ नींद, पोषण और नियमित जांच भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। डॉ0 वर्मा ने छात्राओं के अनेक प्रश्नों का समाधान भी किया तथा कई छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा द्वारा किया गया। अंत में डॉ0 अंकिता सिंह ने मुख्य अतिथि, सहयोगी प्रकोष्ठों तथा उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ0 मनीषा खन्ना, श्रीमती गरिमा राय, कुमारी रूही सहित अन्य सभी प्रवक्तागणों की सक्रिय उपस्थिति व सहभागिता उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम ने छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# स्वास्थ्य, साहित्य और विज्ञान की गूढ़ जानकारी दी

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। महिला पीजी कॉलेज में शुक्रवार को विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों द्वारा स्वास्थ्य, साहित्य और विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं में स्वास्थ्य जागरूकता, साहित्यिक संवेदना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम कॉलेज के आईक्यूएसी, एनएसएस तथा बालिका हेल्थ क्लब ने संयुक्त रूप से आयोजित कराए।

कॉलेज की प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी ने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राधेश्याम वर्मा ने दैनिक जीवन में संतुलित आहार, स्वच्छता, व्यायाम तथा मानसिक

## एनएसएस तथा बालिका हेल्थ क्लब का संयुक्त आयोजन

स्वास्थ्य के महत्व पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कई छात्राओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमृता मिश्रा ने किया जबकि डॉ. अंकिता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

हिंदी विभाग ने साहित्य का मर्म एवं धर्म विषयक अतिथि व्याख्यान कराया। मुख्य वक्ता आचार्य नरेंद्रदेव पीजी कॉलेज बभनान के प्रोफेसर धर्मेंद्र शुक्ला रहे। उन्होंने कहा कि साहित्य का असली धर्म मानव प्रेम और संवेदना है। यहां धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रीमा शुक्ला ने किया। प्राणिविज्ञान विभाग ने कोशिकाओं की यात्रा विषयक व्याख्यान कराया।

दिनाँक 26-11-2025 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या प्रो0 प्रिया मुखर्जी ने संविधान की मूल भावना, नागरिक कर्तव्यों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों को व्यवहारिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने अपने संबोधन में संविधान निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया, डॉ0 अम्बेडकर के योगदान तथा युवा पीढ़ी की भूमिका पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने छात्राओं को जागरूक, उत्तरदायी एवं संवेदनशील नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण उपस्थित रहे। अंत में संकल्प-पाठ के साथ गोष्ठी का समापन हुआ। कार्यक्रम ने छात्राओं में संवैधानिक मूल्यों के प्रति गहरी समझ एवं जागरूकता विकसित करने का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा किया।



# छात्राओं का किया मार्गदर्शन

भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवन में अपनाने का लिया संकल्प

दिनांक 28-11-2025 को महिला महाविद्यालय बहराइच में मंडलीय कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा लोक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना व प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के बीच "खादी आत्मनिर्भरता का प्रतीक" विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा "भारत के संदर्भ में रोजगार सृजन के लिए औद्योगीकरण" विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर श्री दीपक कुमार मीणा ने कहा कि महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य युवाओं को खादी की महत्ता से परिचित कराना है। कार्यक्रम का संचालन प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ0 रीमा शुक्ला ने किया । छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा जब हम आत्मनिर्भर भारत की कल्पना करते है तो हमारे सामने मार्गदर्शक के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आते है । वह मानते थे कि अपने हाथ से बुनकर बनाया गया कपड़ा पहनने से हम दासता की पहली बेड़ी तोड़ देंगे। कार्यक्रम में डॉ0 अमृता मिश्रा, श्रीमती ज्योति त्रिपाठी तथा डॉ0 अंकिता सिंह ने खादी के विषय में अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ0 रीता शुक्ला डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव, कु0 मनीषा गुप्ता तथा अन्य प्रवक्ता गण उपस्थित रहे।



# कार्यशाला में बताया गया खादी का महत्व

दिनांक 29-11-2025 को महिला महाविद्यालय बहराइच में मंडलीय कार्यालय खादी ग्रामोद्योग आयोग तथा महाविद्यालय प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में व प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में दो दिवसीय

सेमिनार का समापन दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी बहराइच, श्रावस्ती डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी, महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव श्री श्याम करण टेकड़ीवाल, संयुक्त उद्योग जिला उद्योग केंद्र बहराइच श्री केशव राम वर्मा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री देवांश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शाहिना खान, द्वितीय स्थान पर अंशिका कश्यप तथा तृतीय स्थान पर सादिया बुशरा रहीं। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सादिया बुशरा द्वितीय स्थान पर सानिया बानो तथा तृतीय स्थान पर पूजा पाल चयनित हुई। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में श्रीमती ज्योति त्रिपाठी, डॉ0 रीमा शुक्ला, डॉ0 अमृता मिश्रा तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में डॉ0 अंकिता सिंह तथा राजेश पाल रावत जी रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ0 रीमा शुक्ला तथा खादी ग्रामोद्योग के कोआर्डिनेटर श्री दीपक कुमार मीणा जी ने किया। कार्यक्रम में प्लेसमेंट सेल के सदस्य श्रीमती ज्योति त्रिपाठी, डॉ0 निधि मल्ल तथा अन्य प्रवक्ता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

**<u>दिसम्बर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–</u>**

आज दिनांक 01 दिसंबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर महिला महाविद्यालय, बहराइच में प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक द्वारा छात्राओं के लिए एक एक-दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को एच0आई0वी0 एड्स के कारण, लक्षण, रोकथाम, उपचार एवं समाज में इसके प्रति मौजूद भ्रांतियों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत गोष्ठी एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने जागरूकता से जुड़े नारे लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया। गोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा, श्रीमती गरिमा राय, तथा डॉ0 रीमा शुक्ला ने अपने वक्तव्यों में एड्स से संबंधित वैज्ञानिक तथ्यों, सुरक्षित जीवन शैली, तथा युवाओं में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। वक्ताओं ने यह भी बताया कि एड्स से संबंधित गलत धारणाओं को दूर करना समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण एवं छात्राएँ सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। अंत में प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी ने इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के प्रयासों की सराहना की और छात्राओं से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता प्रसारित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


एनएसएस इकाई ने रैली निकाल दिया जागरूकता का संदेश

दिनांक-11-12-2025 को विश्व मानवाधिकार के अवसर पर बृहस्पतिवार को महिला पीजी कॉलेज में एनएसएस (नेशनल सर्विस स्कीम) तथा समाजशास्त्र विभाग की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो0 प्रिया मुखर्जी ने कहा कि मानवाधिकार का संरक्षण लोकतांत्रिक समाज की अनिवार्यता है।

उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि वे अपने मानवाधिकार के प्रति सतर्क रहने के साथ दूसरों के मानवाधिकार का भी हनन होने से बचाएं और समाज में शिक्षित नागरिक होने का धर्म निभाएं। एनएसएस की कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में मानवाधिकारों के प्रति

संवेदनशीलता विकसित करना है। समाजशास्त्र की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 मनीषा खन्ना ने बताया कि मानवाधिकार से छात्राओं को समानता, न्याय एवं मानवीय गरिमा जैसे मूलभूत सिद्धांतों से अवगत कराया जाना चाहिए। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 सीमा यादव, मधुबाला, आकांक्षा पटेल तथा मनीषा गुप्ता ने छात्राओं को विश्व मानवाधिकार दिवस की प्रासंगिकता के बारे में बताया। असिस्टेंट प्रोफेसर संजय पाल सिंह ने भी कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया।



**मानवाधिकार का संरक्षण समाज की अनिवार्यता**

**विश्व मानवाधिकार दिवस पर महिला पीजी कॉलेज में हुई संगोष्ठी**

<u>जनवरी माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–</u>

दिनांक-07-01-2026 को बहराइच में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और आम जनता को यातायात नियमों से अवगत कराने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को महिला महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम 1 से 31 जनवरी 2026 तक मनाए जा रहे यातायात सुरक्षा माह का हिस्सा था। कार्यक्रम के दौरान संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रदीप कुमार ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह ने सभी छात्राओं, अध्यापिकाओं और अन्य उपस्थित कर्मचारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने दुर्घटनाओं से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर छात्राओं और आमजन को सड़क सुरक्षा से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गए। जागरूकता कार्यक्रम में में प्रभारी निरीक्षक यातायात राम प्रकाश यादव, पुलिस दल के साथ-साथ परिवहन विभाग और महिला महाविद्यालय के कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

दिनांक- 14-01-2026 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी आकांक्षा पटेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के संयुक्त संयोजन से यातायात सुरक्षा जागरूकता रैली आयोजित की गई। यातायात जागरूकता रैली कॉलेज परिसर से शुरू की गई। जिसमें छात्राएं हाथों में पैम्फलेट और बैनर लिए "हेलमेट लगाओ-जीवन बचाओ" और "यातायात नियमों का पालन करें" जैसे नारे लगा रही थी। रैली में, वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा ,सुरक्षित वाहन चलाने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रवक्तागणों में डॉ0 मनीषा खन्ना, डॉ0 रीता शुक्ला, डॉ0 रीमा शुक्ला, श्रीमती ज्योति त्रिपाठी, डॉ0 सायरा खातून, डॉ0 यासमीन फातिमा डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव, कु0 मधुबाला, कु0 मनीषा गुप्ता, डॉ0 लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी, डॉ0 संजय पाल सिंह, डॉ0 उमेश प्रताप सिंह, डॉ0 रामदेव चातक, श्री जगदम्बा प्रसाद एवं कार्यालय कर्मचारी एवं छात्राओं की उपस्थिति रही ।


महिला पीजी कॉलेज में निकाली गई यातायात जागरूकता रैली

वाहन चालकों को दिए टिप्स

दिनांक-17-01-2026 को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) के तत्वावधान में युवा सप्ताह के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन-दर्शन, राष्ट्रभक्ति, आत्मबल एवं चरित्र निर्माण संबंधी विचारों से अवगत कराना था। गोष्ठी में डॉ0 अमृता मिश्रा, कु0 आकांक्षा पटेल, डॉ0 मनीषा खन्ना एवं कु0 मनीषा गुप्ता ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरणादायक संदेशों को वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी के “उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत” जैसे विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से आत्मविश्वास, सेवा-भाव एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अन्य प्रवक्तागण की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।



रविवार • 18.01.2026

अमर उजाला 3

amarujala.com/lucknow

## स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प

महिला कॉलेज में युवा सप्ताह राष्ट्रभक्ति और आत्मबल पर चर्चा

दिनांक-19-01-2026 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी की अध्यक्षता में रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी आकांक्षा पटेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के संयुक्त निर्देशन में "यातायात सुरक्षा जागरूकता" के अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से "हेलमेट लगाओ-जीवन बचाओ" और "यातायात नियमों का पालन करें" जैसे नारे लगाने के साथ साथ वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा, सुरक्षित वाहन चलाने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रवक्तागणों में डॉ0 रीता शुक्ला, श्रीमती गरिमा राय एवं छात्राओं में आरती चौरसिया, सानिया, मुस्कान, पिंकी आदि उपस्थित रहीं। गोष्ठी का समापन राष्ट्रसेवा, नैतिक मूल्यों एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं सफल रहा।



## नुक्कड़ नाटक के जरिये दिया यातायात जागरूकता का संदेश

दिनांक-22-01-2026 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी की अध्यक्षता में रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी आकांक्षा पटेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा

के संयुक्त निर्देशन में “यातायात सुरक्षा जागरूकता” के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इसके माध्यम से छात्राओं को यातायात नियमों से परिचित कराया गया। इस वर्ष की थीम “सीख से सुरक्षा तकनीक से परिवर्तन” है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। आपने कहा कि प्रत्येक कार्य की शुरुआत अपने घर से होती है अतः सभी अपने परिवार जनों तथा रिश्तेदारों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी कु0 आकांक्षा पटेल ने कहा कि सड़क दुघर्टना का शिकार सर्वाधिक युवा वर्ग होता है। छात्राओं को यातायात नियमों का सावधानी से पालन करना चाहिए। आपने तकनीकी संसाधन हेलमेट सीट बेल्ट गति नियंत्रण पर ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय को प्रवक्तागणों में डॉ0 सायरा खातून, श्रीमती ज्योति त्रिपाठी, श्रीमती गरिमा राय, डॉ0 संजय पाल सिंह, डॉ0 लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी एवं छात्राएं उपस्थित रही।



**सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक**

[illegible]

**सीख से सुरक्षा- तकनीक से परिवर्तन है इस वर्ष रैली की थीम**

उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत दिनांक–23–01–2026 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के मार्गदर्शन में विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नेताजी के राष्ट्रभक्ति, त्याग, साहस और नेतृत्व गुणों से परिचित कराना तथा उनमें राष्ट्रीय चेतना का विकास करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, विचारों एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने उनके प्रसिद्ध आदर्श वाक्य “तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा” के

माध्यम से युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, एन0एस0एस0 स्वयंसेविकाएँ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत वातावरण में हुआ।



## नेताजी की जयंती पर दी गई देश प्रेम की सीख

संवाद न्यूज एजेंसी

### महिला पीजी कॉलेज में श्रद्धा के साथ याद किए गए नेताजी

बहराइच। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में शुक्रवार को महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का निर्देशन प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी ने किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में शामिल होना नेताजी के महान त्याग और अटूट देश प्रेम का अनूठा उदाहरण है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को नेताजी के साहस, नेतृत्व और देशभक्ति से परिचित कराना है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नेताजी के जीवन संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर संजय पाल, डॉ. कलीम अहमद, डॉ. उमेश प्रताप सिंह, डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित एनएसएस की स्वयं सेविकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

महिला पीजी कॉलेज में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गोष्ठी को संबोधित करती वक्ता। स्रोत : आयोजक

दिनांक 24-01-2026 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर “विकसित उत्तर प्रदेश—विकसित भारत” विषय पर एक विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। संगोष्ठी का उद्देश्य छात्राओं को उत्तर प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक प्रगति से अवगत कराते हुए विकसित भारत की परिकल्पना में प्रदेश की भूमिका को रेखांकित करना रहा। इस अवसर पर डॉ0 अंकिता सिंह, डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ0 सीमा यादव, कु0 आकांक्षा पटेल, कु0 मनीषा गुप्ता एवं डॉ0 कमर जहाँ सहित अन्य प्रवक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल नीतियों से नहीं, बल्कि जागरूक, संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों से संभव है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व को भी आत्मसात करें तथा एन0एस0एस0 के माध्यम से समाज सेवा में सक्रिय सहभागिता निभाएँ। उनके अनुसार, युवा शक्ति की सकारात्मक दिशा ही “विकसित उत्तर प्रदेश” की वास्तविक पहचान बनेगी।

वक्ताओं ने उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, वर्तमान विकास पहलों तथा सामाजिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश को विकसित भारत की मजबूत आधारशिला बताया। संगोष्ठी के दौरान छात्राओं की सक्रिय सहभागिता और उत्साह विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रनिर्माण, सकारात्मक चिंतन एवं सामाजिक चेतना से परिपूर्ण वातावरण में हुआ।



## महिला डिग्री कॉलेज में छात्राओं ने जानी यूपी की विकास गाथा

### कॉलेज परिसर में यूपी दिवस पर हुई संगोष्ठी

बहराइच। महिला पीजी कॉलेज में शनिवार को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना और समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

प्राचार्या ने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्राओं को प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति से परिचित कराना था। साथ ही, विकसित भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र का निर्माण केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि जागरूक और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों के सहयोग से ही संभव है। कार्यक्रम में छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। (संवाद)

दिनांक 25-01-2026 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) के तत्वावधान में, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, मताधिकार के महत्व एवं नागरिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर एन0एस0एस0 स्वयंसेविकाओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया तथा मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से “सशक्त लोकतंत्र, सशक्त मतदाता” का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। कार्यक्रम में डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव, कु0 आकांक्षा पटेल, श्रीमती गरिमा राय एवं डॉ0 रामदेव चातक जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने अपने विचारों के माध्यम से छात्राओं को यह संदेश दिया कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक जागरूक मतदाता की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। डॉ0 अमृता मिश्रा ने अपने निर्देशनात्मक वक्तव्य में छात्राओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं मतदान के प्रति जागरूक बनें, बल्कि समाज में भी मतदाता जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति की सजग भागीदारी ही लोकतंत्र को सशक्त बना सकती है। कार्यक्रम छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं लोकतांत्रिक चेतना से परिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




दिनाँक-27-01-2026 को महिला महाविद्यालय, बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 अमृता मिश्रा एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी कु0 आकांक्षा पटेल के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के माध्यम से यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग तथा सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व को रेखांकित किया गया।

इसके उपरांत छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान “सड़क सुरक्षोंजीवन रक्षा”, “नियमों का पालन, सुरक्षित जीवन” जैसे नारों के माध्यम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। युवाओं को चाहिए कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और समाज में जागरूकता फैलाएँ।

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए व्यवहार में अनुशासन और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। वहीं सड़क सुरक्षा प्रभारी डॉ0 आकांक्षा पटेल ने छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक चेतना विकसित करना तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार नागरिक तैयार करना रहा।

## सड़क सुरक्षा पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**बहराइच।** महिला पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी ने किया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस व सड़क सुरक्षा समिति ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, नियमों का पालन, सुरक्षित जीवन जैसे नारों को पोस्टर पर लिखकर उस पर चित्र भी बनाए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी डॉ. आकांक्षा पटेल ने किया। छात्राओं जागरूकता रैली भी निकाली। प्राचार्या प्रोफेसर मुखर्जी ने उत्साह बढ़ाया। (संवाद)

सड़क सुरक्षा माह के समापन के अवसर पर आज दिनांक 31-01-2026 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा एवं रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी कु0 आकांक्षा पटेल  के संयुक्त निर्देशन में एक “भाषण प्रतियोगिता” का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की वाक्य शक्ति के माध्यम से समाज में यातायात नियमों के प्रति चेतना जागृत करना था। प्रतियोगिता का मुख्य विषय “सड़क सुरक्षा” जीवन रक्षा और “तकनीकी नवाचार से सुरक्षित सफर” पर केंद्रित रहा। कॉलेज की अनेक छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं का मार्गदर्शन करने के लिए  रेंजर्स प्रभारी डॉ0 रीमा शुक्ला ने उपस्थित रहकर छात्राओं के संबोधन की सराहना की और उन्हें सुरक्षा नियमों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही पुलिस लाइंस में हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें  रोड सेफ्टी प्रभारी आकांक्षा पटेल, श्रीमती तनवीर फातिमा एवं श्री रामगोपाल पाठक एवं कु0 खुशी दूबे, कु0 प्रियंका, कु0 राधा, कु0 महक जहां, कु0 सकीना, कु0 उरूज फातिमा खान, कु0 अंकिता पाल, कु0 सीमा मौर्या, कु0 मोहिनी मिश्रा, कु0 कुसुम लता श्रीवास्तव आदि छात्राएं उपस्थित रहीं ।




प्राचार्या
महिला महाविद्यालय
बहराइच

Coordinator
I.Q.A.C.
Mahila Mahavidyalaya, Bahraich

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बहराइच